# ST. MONTFORT SCHOOL, BHOPAL

*"Unlocking Potential: NDA Career Opportunities for Young Minds"*

A seminar on National Defence Academy (NDA) as a career option was held for classes 10 and 11 students on July 31, 2025. Esteemed resource persons Maj. Gen. Shyam Shrivastava (Retd), a 36-year Indian Army veteran and founder of WARDI Social Welfare Foundation, and Wing Commander Manish Mishra (Retd), a 25-year Indian Air Force veteran and motivational speaker, shared valuable insights on NDA exam preparation.

The resource persons discussed the eligibility criteria for the NDA exam, including age limits and educational requirements. They also highlighted the syllabus and exam pattern, which consists of Mathematics and General Ability Test (GAT). To succeed, students were advised to start preparing early, stay updated with current events, and focus on physical fitness.

The seminar was graced by the presence of School Principal, Brother Monachan K K, who added to the inspiring atmosphere. The event provided a valuable platform for students to explore NDA career opportunities and gain insights from experienced defense personnel. With the right guidance and preparation, students can unlock their potential and pursue a rewarding career in the Indian Armed Forces.

Mrs. Mackleen Reena Shah

**कक्षा दसवीं,11वीं के लिए एन डी ए में कैरियर  ओरियंटेशन कार्यक्रम**

**"देश की रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है, और सेना में सेवा करना इस कर्तव्य को पूरा करने का एक शानदार तरीका है|"**

31 जुलाई 2025. सेन्ट मोंटफोर्ट स्कूल पटेल नगर | कक्षा 10 वीं एवं 11वीं के छात्रों लिए विद्यालय में  एनडीए में कैरियर परामर्श सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री श्याम श्रीवास्तव (मेजर जनरल,सेवानिवृत्त सेना अधिकारी ), श्री मनीष मिश्रा ( विंग कमांडर,सेवानिवृत्त सेना अधिकारी ), आदरणीय प्राचार्य ब्रदर मोनाचन के .के. के आतिथ्य में संपन्न हुआ |  कार्यक्रम का आरंभ कक्षा 11वीं के छात्र चिंतन उपाध्याय  द्वारा मुख्य अतिथि के परिचय से हुआ |

मुख्य अतिथि ने  सेना में कैरियर के अवसर  आदि के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कैरियर जीवन में एक महत्वपूर्ण विषय है जिसका सही चुनाव करना बहुत ही जरूरी है।   वास्तव में सबमें अपनी-अपनी योग्यता होती है उसको पहचानकर कार्य करते हुए लक्ष्य प्राप्ति की ओर अग्रसर हो | एनडीए (राष्ट्रीय रक्षा अकादमी) एक प्रतिष्ठित संस्थान है जो भारतीय सशस्त्र बलों में अधिकारियों की भर्ती के लिए जाना जाता है। एनडीए एक त्रि-सेवा अकादमी है जो भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना के लिए अधिकारियों को प्रशिक्षित करती है। यह अकादमी 10+2 परीक्षा के बाद छात्रों को एक शानदार करियर विकल्प प्रदान करती है। एनडीए परीक्षा की तैयारी के लिए, छात्रों को उपयुक्त अध्ययन सामग्री, मॉक टेस्ट और कोचिंग संस्थान का चयन करना चाहिए। एनडीए कैरियर के कई लाभ हैं, जिनमें देश- सेवा, स्थिरता और सुरक्षा, और आकर्षक वेतन और भत्ते शामिल हैं।

संबंधित जानकारी सेना अधिकारी श्री मनीष श्रीवास्तव द्वारा दी गई | उन्होंने यह संपूर्ण जानकारी सी के कई  उदाहरणों के माध्यम से बताई उन्होंने कहा  सही कैरियर चुनते समय यह ध्यान रखें कि कैरियर वही सही है जो दिल को सुकून दे। आपको वही कैरियर सूट करेगा जिसके विषय में आपको ज्ञान है और जिस क्षेत्र में आपको ज्यादा जानकारी है | उन्होंने छात्रों को जागरूक किया कि हर बच्चा गुणों के साथ पैदा होता है। उसे आवश्यकता है अपनी ताकत, कमजोरी, रूचियों, क्षमताओं को पहचानने की। छात्रों को बताया गया कि कैरियर का चयन करते समय अपने साथियों से प्रभावित न हो अपना स्वयं का लक्ष्य बनाए और उसे प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करें।  बच्चों ने सेना को कैरियर और व्यवसाय में चुनाव में रुचि दिखाते हुए अनेक प्रश्न किए तथा उनके जिज्ञासा का उत्तर द्वारा दिया गया |सेमिनार में कोऑर्डिनेटर श्रीमती ज्योति नायर ,श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, श्रीमती श्रद्धा बलवानी,कक्षा 10वीं एवं 11वीं की अध्यापक-अध्यापिकाएँ उपस्थित थीं।      वास्तव में पूर्ण सेमिनार जानकारी वर्धक रहा |

**संगीता हसीजा**